

कार्लोस अल्कराज

रूड को हराकर फाइनल में पहुंचा

आज



करीना कपूर

दिवाली पर आया माता-पिता पर प्यार

पटना, मंगलवार, १० नवम्बर, २०२६ सौर २४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के आवास पर छापेमारी

(निज प्रतिनिधि)

पटना। जहॉ लोग दिपावली के दौरान पूजा अर्चना मे लगे थे वही निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मधुबनी के कार्यपालक अभियंता रितेश चन्द्र सिन्हा को पाँच लाख रुपये की

6.5 करोड़ के बिल भुगतान के एवज में मांग रहे थे घूस

खिड़की से फेंके पैसे 12 बैंक खाते ब्लॉक



रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो द्वारा यह कार्रवाई पटना के रामनगरी, आशियाना स्थित उनके आवास पर की गई।

उक्त पूरा मामला परिवादी अरुण कुमार सिंह की शिकायत पर दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या-133/26 के तहत सामने आया। परिवादी के अनुसार पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत किए गए कार्यों के शेष 6.50 करोड़ रुपये के भुगतान के एवज में 3 प्रतिशत की दर से कुल 19,50,000 रुपये घूस की मांग की जा रही थी, जिसमें से एडवांस के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के कैम्पस में बनेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

वीबी-जीरामजी योजना की राशि से होगा निर्माण, भूमि की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में स्कूल परिसर की जमीन को मिलेगी प्राथमिकता

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों के परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे। इसके लिए वीबी-जीरामजी योजना की राशि का उपयोग किया जायेगा।

राज्य सरकार ने बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी के लिए पर्याप्त और विवादरहित जमीन नहीं है, वहां सरकारी विद्यालय परिसर की खाली जमीन पर प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण कराया जायेगा। इस बाबत ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एच. आर. श्रीनिवास एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सी. के. अनिल ने सभी जिला पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम समन्वयकों को संयुक्त रूप से निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए समुदाय या अन्य स्थानों पर पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित पोषक क्षेत्र के सरकारी विद्यालय परिसर में उपलब्ध जमीन पर वीबी-जीरामजी योजना के तहत भवन बनाया जायेगा। विशेष हालात में जब विद्यालय परिसर के भूतल पर भी जमीन उपलब्ध नहीं होगी, तब तकनीकी विशेषज्ञों और अभियंताओं से भवन की मजबूती एवं सुरक्षा की जांच कराने के बाद विद्यालय की पहली मंजिल पर अतिरिक्त कक्ष बनवाया जा सकेगा। ऐसी स्थिति में विद्यालय की उच्च कक्षाओं को पहली मंजिल पर बने नये कक्षों में स्थानांतरित किया जायेगा और भूतल के खाली कक्ष में आंगनबाड़ी केंद्र चलाया जायेगा। इससे छोटे बच्चों की सुरक्षा और केंद्र तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए डीईओ, डीपीओ (आईसीडीएस) और कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया है। पत्र में जिला स्तर पर शीघ्र एनओसी जारी करने तथा निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों के साथ जोड़ना है, ताकि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने में आसानी हो।



स्कूलों में अब फेस रिकॉग्निशन और रेटिना स्कैन से होगी शिक्षकों की उपस्थिति

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की फोटो के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी बनाने की व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब उपस्थिति प्रणाली को बदला जायेगा। शिक्षकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकॉग्निशन (चेहरा पहचान तकनीक) और रेटिना स्कैन का सहारा लिया जायेगा। नयी व्यवस्था में शिक्षक के चेहरे और आंखों की पहचान का मिलान पहले से पंजीकृत डाटा से किया जायेगा. इसके साथ ही मोबाइल की लोकेशन के माध्यम से यह भी पता लगाया जायेगा कि शिक्षक स्कूल परिसर में मौजूद हैं या नहीं।



प्रस्तावित व्यवस्था के तहत शिक्षकों को अपने मोबाइल फोन में शिक्षा विभाग का अटेंडेंस ऐप खोलना होगा. इसके बाद ऐप पर इ-केवाईसी

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

KINGS WAY PATNA

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना

Mob. : 7033000109

(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)

देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण

MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)

SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)

किंग्स कॉलेज, लंदन, UK | WWL हॉस्पीटल, राइटिंगटन, इंग्लैंड

हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ

स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

रचना पाटिल बनीं राज्यपाल की सचिव

(आज समाचार सेवा)

पटना। सरकार ने वित्त सचिव रचना पाटिल को राज्यपाल के सचिव के पद पर पदस्थापित किया है। सामान्य प्रशासन से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार योजना एवं सचिव विभाग के सचिव कंवल तनुज को वित्त सचिव व्यय के पद पर पदस्थापित किया है। श्री तनुज योजना एवं विकास के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

स्कॉर्पियो से कुचलकर दो सगे भाइयों की हत्या, एक दर्जन जखमी

बिहिया (भोजपुर)। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रमडिहरी गांव में रविवार की देर रात एक बेकाबू स्कार्पियो ने सड़क किनारे खड़े करीब सात लोगों को रौंद दिया। इस भीषण हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद से गांव में कोहराम मच गया है



(शेष पृष्ठ ९ पर)

दोषी बख्शे नहीं जायेंगे : सम्राट

पटना (आससे)। भोजपुर में स्कॉर्पियों से रौंद कर सगे भाइओं की हत्या और छह अन्य को जख्मी कर देने के मामले में सीएम सम्राट चौधरी ऐक्शन में हैं। उन्होंने घटना के दोषियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश जिला प्रशासन को दिया है। सीएम ने कांड में मरने वाले दोनों भाइयों के परिजनों को चार-चार लाख मुआजवा देने और घायलों का पूरा इलाज कराने का भी निर्देश दिया

4-4 लाख का मुआवजा

(शेष पृष्ठ ९ पर)

कैंसर की 1,364 दवाओं के दाम घटे

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली १,३६४ दवाओं की नयी कीमतें रविवार से लागू हो गई हैं। इनमें कुछ दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में ६६.४५ फीसदी तक की कटौती की गई है। इससे मरीजों को सालाना करीब ३,५४०.३८ करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है।रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय औषधि

आज से नयी कीमतें लागू

(शेष पृष्ठ ९ पर)

कल्याण सेवा संस्थान पटना, बिहार द्वारा संचालित

SWAMI VIVEKANAND VIDYAPEETH

Madhav Villa, Swami Vivekanand College Road, Simultala (Jamui)

Recognised by : NCTE, INC, NIOS, Govt. of India, Affiliated to: Bihar University of Health Sciences, BSEB, MMHA&PU, Govt. of Bihar

Website : www.svncsimultala.org, www.svbedcollege.org, www. svpmc.org

✆ 6207460360, 6203279277, 7070665388, 7209421792



COURSES OFFERED

PARAMEDICAL COURSES

MASTER DEGREE
- Master in Physiotherapy (MPT)
- Master in Medical Radio Imaging (MRIT)
- Master in Medical Lab Technology (MMLT)

BACHELOR
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT)
- Bachelor in O.T. Assistant (BOTA)
- Bachelor in Medical Radio Imaging (BMRIT)

DIPLOMA / CERTIFICATE
- Diploma in ECG Technology (DECG)
- Diploma in Medical Lab Technology (DMLT)
- Diploma in Sanitary Inspector (DSI)
- Certificate in Medical Dresser (CMD)

EDUCATION
- Bachelor in Education (B.Ed.)
- Dip. in Elementary Edu. (D.El.Ed.)

NURSING
- Auxiliary Nurse Midwife (ANM)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Post Basic B.Sc. Nursing
- B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing

LIBRARY SCI.
- Bachelor in Library Science (B.Lis)

MUSIC
- Classical Vocal
- Instrumental
- Dance & Painting



Dr. Vikash Kr. Gupta
Director

STUDENT CREDIT CARD FACILITY AVAILABLE



Dr. U.P. Gupta
Chairman

NATIONAL INSTITUTE OF HEALTH EDUCATION & RESEARCH (NIHE&R)

I.D.H. Colony, East of Nalanda Medical College & Hospital, Gulzarbagh, Patna-7 (Bihar)

✆ 9031002570, 9006181691

Calling hours 9:00 AM to 5:00 PM

Websites - niher.org.in E-mail: kalyansevasansthan@gmail.com

K.S.S. COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated By : Pharmacy Council Of India, Govt. of Bihar, B.U.H.S, Patna

Website: www.ksscpbihar.com, Email Id: ksscpsimultala@gmail.com, Contact: 6207460360

(M.Pharm specialities: Pharmaceutics, Pharmacognosy & Pharmaceutical Analysis)

Courses Offered:
- M.Pharm
- B.Pharm
- D.Pharm



SWAMI VIVEKANAND RESIDENTIAL SCHOOL

Affiliated to CBSE, New Delhi up to +2 Level | Affiliation No. : 331299 English Medium | Co-Ed

SIMULTALA, JAMUI, BIHAR

SVRS • Website : www.svrssimultala.com • Mob.: 7061386907, 8083740985

Salient Features : • Well Equipped Science & Computer Lab • Creative Experiential Learning • Smart Classes • WiFi Campus • SCIENCE CLUB • Rambling Playground • Sports Facilities Both For Indoor & Outdoor • CCA CLUB

ADMISSION OPEN Session : 2026-27

Separate Hostel facility available for Boys And Girls

For Nursery to IX & XI

VACANCY AVAILABLE FOR ELIGIBLE CANDIDATES :

Nursing ,Paramedical & Pharamacy : Tutor, Asso., Asst. Prof. & Professor, HR Manager, Accountant, Sr. Accountant & Clerk

यहां भी पढ़ें

website :- www.ajhindidaily.com

For e-Paper www.ajhindidaily.com

निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

समर्पित सेवा के 31 वर्ष

तिरंगा अगरबत्ती

देश की खुशबू

की आकर्षक हैंडल बैग में..

गेरुआ

प्रीमियम धूप



AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए सम्पर्क करें 6389 004433

दो बाइक की टक्कर में चार युवकों की मौत

बड़हरिया (सीवान)। दीपावली की रात जब पूरा इलाका दीपों की रोशनी से जगमगा रहा था और लोग पर्व की खुशियां मना रहे थे, उसी दौरान एक भीषण सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। बड़हरिया-सीवान मुख्य मार्ग पर झूनापुर मस्जिद के समीप रविवार की रात करीब नौ बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पटना-भागलपुर को मिले नये एडीएम


पटना(आससे)। बिहार प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को नई जिम्मेवारी सौंपी गई है। कईअनुमंडलों में नए भूमि सुधार उप समाहर्ता की तैनाती की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की।पूर्वी चंपारण स्थित चकिया के अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विद्यनाथ पासवान को अपर समाहर्ता सह अपर दंडाधिकारी, किशनगंज बनाया गया है। पदस्थापना की प्रतीक्षा में चल रहे संजीव कुमार कापर को जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण बनाया गया

कई डीडीसी भी बदले

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मोदी ने जेलेंस्की से की फोन पर बात

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत की. इस दौरान राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी जंग के हालिया घटनाक्रमों पर अपना नजरिया शेयर किया. पीएम मोदी ने भारत के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि इस मुद्दे का हल केवल बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जाना चाहिए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांति प्रयासों में भारत के हर संभव योगदान देने के संकल्प को भी जताया. इसके अलावा, दोनों



(शेष पृष्ठ ९ पर)